# RAJASTHAN HIGH COURT, JODHPUR

No.: 03/ P.I. /2020 Date :- 04-01-2020

## CIRCULAR

It has been observed to notice that Judgments/orders of most of the subordinate courts are being typed using Kruti Dev or Devlys fonts which are basically English fonts customized to look as Hindi Fonts. A document typed by using such fonts is not readable by the computer system and therefore, cannot be used for advanced purposes such as automated translation etc. Thus, Hindi typing is required to be done using Unicode Fonts which can be accessed universally.

In all the subordinate courts, Linux based Ubuntu Operating is working which has inbuilt Remington Hindi Unicode Fonts. Keyboard layout of this font is almost similar to Kruti Dev or Devlys Fonts layout and by typing just 4-5 pages, a typist can get accustomed to Unicode typing. A guide for using Remington Hindi Unicode font is enclosed.

Therefore, it is enjoined upon the Presiding Officers of all the subordinate courts to get Hindi Judgments/orders typed using only Unicode Fonts instead of Kruti Dev or Devlys fonts.

BY ORDER

4/1/2020

REGISTRAR GENERAL

Gen/XV/03/2020/ 87 Date : 04 .01.2020

Copy forwarded to all the District & Sessions Judges with request to circulate the same amongst all the Subordinate Courts in their Judgeships.

4.1.2020

Registrar(Admn.)

# राजस्थान उच्च न्यायालय

## यूनीकोड हिन्दी में टाईप करने हेतु दिशा निर्देश

1. यूनीकोड हिन्दी टाईप के लिए टॉप पेनल से Remington (m17n) का चयन करें। Remington (m17n) से हिन्दी टाईप करना बहुत ही आसान है क्योंकि इसका कीबोर्ड लेआउट लगभग कृतिदेव फोन्ट के लेआउट जैसा ही है। कुछ मामूली भिन्नताओं के अलावा सभी Keys समान हैं।
2. Remington (m17n) में टाईप करने के लिए Keys को उसी क्रम में दबाना होता है जिस क्रम में शब्द विशेष का उच्चारण किया जाता है। किसी भी व्यंजन की मात्रा बोलने में व्यंजन पहले बोला जाता है और मात्रा बाद में बोली जाती है, इसी सिद्धांत पर यह यूनीकोड फोन्ट कार्य करता है, अर्थात मात्रा व्यंजन के बाद टाईप की जाती है। उदाहरण के लिये **'अतिश्योक्ति'** शब्द को टाईप करने के लिए निम्न क्रमानुसार Keys दबायी जायेंगीः–

अ त ि श् य ा े क् त ि

अतिश्योक्ति शब्द को बोलने में अ पहले बोला जाता है तत्पश्चात त, फिर छोटी इ की मात्रा (ि), तत्पश्चात आधा श्, तत्पश्चात य, तत्पश्चात ओ की मात्रा, बाद में आधा क् फिर त व अन्त में छोटी इ की मात्रा उच्चारित की जाती है।

3. जब भी किसी शब्द को टाईप करने में कोई परेशानी लगे तो उस शब्द को मन में सोचिए कि उसके उच्चारण में अक्षरों का क्रम किस प्रकार है, उसी क्रम में Keys दबायी जायेंगी।
4. इस यूनीकोड में संयुक्ताक्षर, आद्याक्षर एवं पूर्णाक्षर के मिलने से स्वतः बनते हैं, जैसे युक्ति में क्त को क् व त टाईप करके बनाया जा सकता है।
5. Remington (m17n) में अधिकांश अक्षर आधे व पूरे कीबोर्ड में मौजूद हैं परन्तु जो आधे अक्षर मौजूद नहीं हैं उन्हें आधे बनाने के लिए ् (z key) का उपयोग किया जाता है, जैसे– पट्टा शब्द में आधा ट बनाने के लिए ट के बाद ् (z key) टाईप करें तो यह ट् बन जावेगा, तत्पश्चात Back Space से ् पुनः Delete करें तो यह आधा ट् बन जावेगा। यही तरीका अन्य कई आद्याक्षर बनाने में काम में लिया जा सकता है, आपको Special Character खोज कर लाने की आवश्यकता नहीं है।

6. द्व टाईप करने के लिए द्व के बाद एक Space देकर backspace वापस पीछे आवें और फिर पूरा शब्द टाईप करें।

7. आधा द यानि द् टाईप करने हेतु द्व टाईप कर backspace से द् + व का व मिटावें तो आपको द् मिल जावेगा।

8. ब्राह्मण, बाह्य बनाने के लिए भी ह को आद्याक्षर बनाना होगा जो ह के साथ ्र (z key) टाईप कर व उपर्युक्तानुसार Back Space से ्र को पुनः Delete करेंगे। जैसे ह से ह्र बनाया, फिर बेकस्पेस से ्र हटायेंगे तो ह् बन जावेगा। इस ह् के साथ म टाईप करने पर ह्म बन जावेगा, य टाईप करने पर ह्य बन जावेगा।

9. 1 2 3 अंक टाईप करने के लिए Numeric Keypad (की–बोर्ड पर सबसे दाहिनी तरफ) का Shift के साथ का प्रयोग करें अन्यथा अंक १ २ ३... छपेंगे। यदि कीबोर्ड के उपर वाली Numeric Keys प्रयोग में लानी है तो Window Key के साथ Numeric Key दबाएँ।

10. कुछ संयुक्ताक्षर एवं संकेत निम्न युग्मों से टाईप किये जाते हैंः–

| | | |
|---|---|---|
| 1. | ई | र् के बाद इ (Shift के साथ Z तत्पश्चात इ) |
| 2. | र्य | र् के बाद य (Shift के साथ Z तत्पश्चात य) |
| 3. | ( | Shift+ Win+ ( |
| 4. | ) | Shift+ Win+ ) |
| 5. | " | Shift+ Win+ " |
| 6. | " | Shift+ Win+ " |

11. हिन्दी टाईप के दौरान अंग्रेजी मे टाईप करने के लिए टॉप पैनल से English(US) का चयन करें और पुनः हिन्दी में टाईप करने के लिए Remington (m17n) का चयन करें। गत बार उपयोग में ली गई दो भाषाओं के बीच स्विच करने के लिए Win+ Space Bar short cut का भी उपयोग कर सकते हैं।

12. किसी भी तरह की कठिनाई होने पर सिस्टम ऑफिसर से संपर्क करें जो उनके स्तर पर समाधान नहीं होने पर रजिस्ट्रार सीपीसी के कार्यालय में संपर्क करेंगे।

..............